कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 07.03.2023

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में
महिला दिवस का आयोजन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने जानकारी देते हुये बताया कि पुरूषों और महिलाओं के बीच समानता, कार्य करने का अधिकार, भेदभाव का निषेध सर्वोपरी है। महिला प्रकोष्ठ वर्ष भर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम के तहत आयोजन करता है।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने कहा कि महिला प्रकोष्ठ के द्वारा समय–समय पर जागरूकता संबंधी जानकारी उपलब्ध करायी जाती है तथा सुरक्षा प्रशिक्षण, न्यायायिक अधिकार संबंधी जानकारी विषय–विशेषज्ञों द्वारा दी जाती है।

डॉ. सुषमा यादव ने बताया कि इस तरह के आयोजन महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान को बनाये रखने की दिशा में सार्थक है। डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डाला। डॉ. सुनीता गुप्ता एवं डॉ. मुक्ता बांखला ने गीत प्रस्तुत किये। गुलाबी थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम को गीत–संगीत एवं खेलों के माध्यम से मनोरंजक बनाया गया जिसे सभी ने सराहा। डॉ. ऋतु दुबे ने स्वरचित कविता सुनाई।

कार्यक्रम का संचालन कु. तबस्सुम और आभार प्रदर्शन श्रीमती ज्योति भरणे ने किया।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)